डॉ. के.जे. श्रीनिवासा

संयुक्त सचिव (पीएसपी) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी
विदेश मंत्रालय

डॉ. के.जे. श्रीनिवासा 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी हैं। वे वर्तमान में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव (पीएसपी) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

उनके पूर्व कार्यकाल में वे वर्ष 2004 से 2007 तक मैड्रिड, स्पेन में भारतीय दूतावास में वाणिज्य दूतावास मामलों, प्रशासन, वाणिज्य और राजनीतिक शाखा के प्रमुख रहना, वर्ष 2007 से 2010 तक लीमा, पेरू में भारतीय दूतावास में कार्यरत रहना, वर्ष 2013 से 2016 तक सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में उप महावाणिज्यदूत रहना एवं वर्ष 2016 से 2019 तक भारतीय महावाणिज्य, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में वाणिज्य दूत के पद पर तथा वर्ष 2019 से 2023 तक गुयाना में भारत के उच्चायुक्त रहना शामिल हैं।

डॉ. के.जे. श्रीनिवासा वर्ष 2010 से 2013 तक बेंगलुरु के क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी रहे और नवोन्मेष पासपोर्ट सेवा परियोजना प्रणाली को आरंभ करने में शामिल रहे। उन्होंने वर्ष 2023 से 2024 तक विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (सीपीवी) के रूप में कार्य किया है।

डॉ. के.जे. श्रीनिवासा द्वारा राजकीय चिकित्सा कॉलेज, मैसूर से चिकित्सक की उपाधि धारण की गई है।

उन्हें दिनांक 29.05.2024 से एसपीएमसीआईएल के बोर्ड में विदेश मंत्रालय से अंशकालिक अंतिम-उपयोगकर्ता प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है।

****